Exam. Code : 103203
Subject Code : 1100

B.A./B.Sc. 3rd Semester (Batch 2020-23)

HINDI (Elective)

(Madhyyugeen Kavya, Itihas, Vyakaran Tatha Kavyang)

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—100

सूचना :— कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक भाग से **एक** प्रश्न का चयन करें। **पाँचवा** प्रश्न किसी भी भाग में से चुना जा सकता है। सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

भाग—क

सप्रसंग व्याख्या कीजिए :—

1. जब राम नाम कहि गावैगा, तब भेद अभेद समावैगा।।टेक।।
जे सुख है इह रस के परसे, सो सुख का गहि गावैगा।।
गुरु परसादि भई अनुभौ मति, विष अम्रत सम धावैगा।
कह रैदास मेटि आपा पर, तब वा ठौरहिं पावैगा।। 20

2. बड़ी है राम राम की ओट।
सरन गऐं प्रभु काढ़ि देत नहिं करत कृपा कैं कोट।।
बैठत सबै सभा हरि जू की, कौन बड़ो को छोट ?
सूरदास पारस के परसैं मिटति लोह की खोट।। 20

भाग—ख

प्रश्नों के उत्तर विस्तार में दीजिए :—

3. गुरु नानक देव का जीवन परिचय लिखिए। 20

4. गुरु तेग बहादुर के काव्य के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए। 20

भाग—ग

5. आदिकाल के नामकरण की समस्या पर विचार कीजिए। 20

6. आदिकालीन सिद्ध और रासो साहित्य का परिचय दीजिए। 20

भाग—घ

7. अनुप्रास और उपमा अलंकारों के लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 20

8. हिन्दी व्याकरण से संबंधित निम्नलिखित व्यावहारिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए :—

(क) निम्नलिखित शब्दों का बहुवचन रूप लिखिए :—
पैसा, मिठाई, चिड़िया, किताब, रोटी, धर्मशाला, तालाब, भालू, साँप, प्राणी।

(ख) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए :—
अत्यंत, उपर्युक्त, रमेश, महर्षि, अतिशयोक्ति, विवाहेतर, मंजूषा, नारीश्वर, गणेश, विद्यालय। 20